**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 3 वांछित अभियुक्त व 01 वांछित अभियुक्ता एवं एनबीडब्ल्यू में 01 वारण्टी गिरफ्तार।**

**दिनांक 20.09.2024**

**दिनांक 19/20.09.2024 को-**

**01- साइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का वाइस प्रेसीडेंट (50,000/- रुपये का वांछित/इनामियाअभियुक्त) मनीष जायसवाल**

**02- थाना मोहनलालगंज में पंजीकृत मु0अ0स0 405/24 धारा 115(2)/352/74 BNS व 11/12 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित 1-अभियुक्त कुलदीप उर्फ कमलापत यादव व 01-अभियुक्ता- ज्योती**

**03-थाना सैरपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0-128/2024 धारा-64/123/351(3) BNS व 3(2)V SC/ST ACT से सम्बन्धित अभियुक्त राम सजीवन गिरफ्तार।**

**एवं**

**01-थाना अलीगंज में एनबीडब्ल्यू वाद सं0 7777/2023 धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अनुपम जिन्दल गिरफ्तार।**

**जोन-पूर्वी**

**घर में चोरी- थाना चिनहट-**

थाना स्थानीय पर वादिनी शैलेश कुमारी पत्नी विजय कुमार निवासी मल्हौर का पुरवा निकट केशरी कालोनी थाना चिनहट, लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दी जिसमें वादिनी दिनांक-15.09.2024 को अपने बच्चों के साथ कुर्सी रोड बसहा के पास अपने भाई के घर गयी हुई थी दिनांक 16.09.2024 को शाम 06.30 बजे को घर से पड़ोसी का फोन आया और सूचना दिया कि वादिनी के घर का ताला टूटा हुआ है और सारा घर खुला पड़ा है। इस पर जब वह घर पर वापस आयीं तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला गायब है, दरवाजा खुला पड़ा था और अन्दर के दरवाजे का ताला कटा हुआ था। अज्ञात चोरों द्वारा दो अलमारियों का लॉकर तोड़ कर कीमती जेवरात व नगद धनराशि की चोरी कर लिया गया है, तथ्य अंकित हैं। **वादिनी द्वारी दी गयी तहरीर के क्रम में तत्काल थाना चिनहट पर मु0अ0सं0 0446/2024 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

**जोन-उत्तरी**

**थाना महिगवां-**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही खबर,"**लखनऊ थाना महिगवा में पत्रकार के ऊपर हुआ जानलेवा हमला सरिया से किया गया घायल**" के संदर्भ में अवगत कराना है कि दिनांक 16/09/2024 को प्रार्थी ज्ञानेन्द्र पुत्र कन्हैया नि० मोहम्मद पुर सरैया थाना महिगवा को विपक्षी दिनेश पुत्र चुन्नीलाल ने पहाड़पुर चौराहे पर किसी कठोर वस्तु से पैसे के विवाद में हमला कर दिया था, जिसमें ज्ञानेन्द्र उपरोक्त को सामान्य चोट आयी है, **प्रकरण के संबंध में आवेदक की तहरीर के आधार पर तत्काल थाना महिगवां पर एनसीआर सं0-22/2024 धारा-115(2)BNS पंजीकृत कर आरोपी अभियुक्त दिनेश उपरोक्त को अन्तर्गत धारा-170/135/126 BNSS में गिरफ्तार किया गया है।**

## जोन-मध्य

**फायरिंग-थाना महानगर-**

आज दिनांक 20.09.2024 को वादी अर्पित अग्रवाल पुत्र स्व0 सुरेश चन्द्र अग्रवाल निवासी- बान वाली गली, चौक, लखनऊ ने थाना महानगर पर लिखित तहरीर दी जिसमें वादी दिनांक 19.09.2024 को समय 11.45PM बजे क्लेक्शन कर के निकल रहा था कि तभी बिलिन्किट स्टोर,उमराऊ माल, महानगर के मोड़ पर दो लड़के जो मस्कस लगाये थे, वादी को रोकने लगे जब उनसे रोकने का कारण पूछा तो छीना झपटी करने लगे तथा पिस्टल से गोली चलायी जो वादी के हाथ व पेट को छूकर निकल गयी है। जब वादी ने पत्थर उठा कर मारा तो वो उमराऊ की तरफ भाग गये और वादी अंदर की तरफ चला गया, वादी के पास से कुछ नही ले जा पाये, तथ्य अंकित हैं। **वादी द्वारी दी गयी तहरीर के क्रम में तत्काल थाना चिनहट पर मु0अ0सं0 0222/2024 धारा 109/126(2)/309(5) बीएनएस बनाम दो लड़के नाम व पता अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

## जोन-पूर्वी

**गोलीमारकर आत्महत्या-थाना गोमतीनगर विस्तार-**

आज दिनांक 20/09/2024 को थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुई कि वरदान स्कूल के पास गीतापुरी में एक व्यक्ति ने अपने आप को गोली मार ली है, परिजन उसको लेकर अस्पताल गए हुए है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घर वालों से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि **मृतक का नाम सोनू उर्फउर्फ राघवेंद्र सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम दलुआपुर जनपद खीरी उम्र 28 वर्ष जो कि अपने परिवार के साथ किराए पर गीतापुरी में रहते हैं।** आज रात में लगभग 12.00 बजे स्वयं को अवैध तमंचा 315 बोर से गोली मार ली परिजनों द्वारा इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। शव मर्चरी में रखी गई है। **फील्ड यूनिट को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।** परिजनों ने यह भी बताया कि मृतक नशे की गोलियां खाने का आदी था एवं लखनऊ में रहकर प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करता था। **आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।**

## जोन-दक्षिणी

**गुमशुदा बच्चों की बरामदगी-थाना सुशान्तगोल्फ सिटी-**

दिनांक 19.09 2024 समय करीब 10.00 बजे रात्रि को डायल 112 के माध्यम से थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुई की बसेरा सेक्टर-3 चौकी अलकनंदा थानाक्षेत्र सुशांत गोल्फ सिटी से 03 बच्चे जिनकी उम्र क्रमशः करीब 07 वर्ष, 10 वर्ष व10 वर्ष है, शाम करीब 8.00 बजे से लापता हैं| **सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस द्वारा बच्चों को काफी तलाश किया गया और रात्रि करीब 12.30 बजे तीनों बच्चे सकुशल बरामद किये गए हैं।** यह तीनों बच्चे अपने घर से एक ही साइकिल से घूमते-घूमते शहीद पथ पर आ गए थे, जहां पर किसी अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया, जिसमें एक बच्चे उम्र करीब 10 वर्ष को हल्की चोट आई है, जिसका इलाज करवाया जा रहा है। बाकी दोनों बच्चे सकुशल व सामान्य अवस्था में है। परिजन मौके पर मौजूद है। मौके पर कुशलता है। **अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

## जोन-उत्तरी

**थाना बीकेटी**-दिनांक 20.04.2024 को वादिनी श्रीमती गुड्डी देवी निवासी-भैंसामऊ गाजीपुर थाना बीकेटी, लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दिया जिसमें आज सुबह समय करीब 08.00 बजे वादिनी का लड़का विशाल राजपूत आयु लगभग 21 वर्ष जो अपने घर से लखनऊ सब्जी मण्डी, दुबग्गा मोटरसाइकिल से सब्जी बेचने जा रहा था कि तभी रास्ते में विपक्षीगण अजीत राजपूत, मोहित यादव, हरिपाल यादव व अन्य 03 अज्ञात व्यक्ति निवासीगण-संसारपुर थाना बीकेटी लखनऊ ने वादिनी के लड़के विशाल राजपूत को अपने गाँव के पास ले जाकर काफी मारा पीटा, जिससे उसको काफी चोटें आयी हैं, जिसकी हालत गम्भीर है। वादिनी के पुत्र को मरा समझ कर विपक्षीगण मौके से भाग गये और वादिनी को फोन करके कहा कि तुम्हारे लड़के को मार डाला है, तथ्य अंकित हैं। **इस सूचना पर तत्काल थाना बीकेटी पर मु0अ0सं0 271/2024 धारा 1912/1152/110 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।**